दिनांक: 11.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रदेश के पूर्वी इलाकों में मॉनसून के बादल जमकर बरस रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में करौली, भरतपुर, दौसा और सवाईमाधोपुर सहित हाडौती क्षेत्र में भारी बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा 38 सेंटीमीटर बारिश करौली में रिकॉर्ड की गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि तेज बारिश से वहां जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई निचले इलाके पानी में डूब गए हैं। जिला मुख्यालय स्थित पांचना बांध के छह गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है। इसी तरह जिले से लगते सवाईमाधोपुर में भी लगातार बारिश से नदी नाले उफान पर हैं। कई सड़कों पर घुटनों तक पानी भरा हुआ है। बारिश के कारण रणथम्भौर दुर्ग मार्ग अवरुद्ध हो गया है। भरतपुर संभाग में तेज बारिश का दौर जारी है। डीग में कई पुराने मकान गिरने के समाचार हैं। कुछ जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने की भी सूचना है। बीकानेर में रिमझिम बरसात का दौर बना हुआ है। बाहरी इलाकों और खेतों में जलभराव की स्थिति हो गई है। कुछ जगहों पर मकान ढह गये। इधर, राजधानी जयपुर में पिछले कुछ दिनों से जारी बारिश का दौर आज भी बना हुआ है। जिले के ग्रामीण इलाकों में रात से ही रुक–रुक कर बरसात हो रही है।

....

आजादी की सालगिरह के सिलसिले में मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज भी प्रदेशभर में कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। झुंझूनूं में जिला प्रशासन की ओर से तिरंगा मैराथन रखी गई। इसमें बड़ी संख्या में शहरवासियों ने हिस्सा लिया। जिले में कल हर घर तिरंगा अभियान के तहत सैनिक कल्याण विभाग की ओर से देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले जवानों के घर जाकर उनके परिजनों का सम्मान किया जाएगा। राजधानी जयपुर में भी आज मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में शामिल लोगों पर जगह–जगह फूलों की बरसात की गई और भारत माता के जयकारे लगाए गए। अभियान के तहत जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से 13 अगस्त को तिरंगा मैराथन आयोजित की जाएगी।
उदयपुर में कला संस्कृति मंत्रालय के पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से आज से 14 अगस्त तक फतेह सागर पाल पर देशभक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेश के लोक कलाकार देशभक्ति रचनाओं की प्रस्तुति देंगे।

....

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट–पीजी 2024 आज आयोजित की जा रही है। कंप्यूटर आधारित ये परीक्षा को दो पारियों में हो रही है। इसमें दो लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। यह परीक्षा जून में अपने निर्धारित समय से एक दिन पहले टाल दी गई थी। यह निर्णय परीक्षाओं की शुचिता पर आरोपों के कारण लिया गया था।

....

जयपुर में कल देर रात एक कार और ट्रक की टक्कर में दो युवकों की मृत्यु हो गई। हादसे के शिकार लोग जयपुर के मानसरोवर और जगतपुरा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। रामनगरिया थाना इंचार्ज ने बताया कि कार, प्रताप नगर से जवाहर सर्किल की तरफ जा रही थी और सब्जियों से भरे ट्रक से असंतुलित होकर टकरा गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

....

और अब खबरें पेरिस ओलम्पिक की –
पेरिस ओलम्पिक खेलों का आज समापन हो रहा है। लगभग तीन सप्ताह तक चले ओलम्पिक खेलों में भारत ने एक रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर 71वां स्थान हासिल किया। मनु भाकर ने कांस्य पदक जीतकर इस ओलिम्पिक में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रचा। वह ओलिम्पिक निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला हैं। उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर की मिक्सड टीम एयर पिस्टल स्पर्धा में एक और कांस्य पदक जीतकर एक ही ओलिम्पिक में

दो पदक जीतने वाली पहली महिला होने के नाते एक नया रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। स्वप्निल कुसाले ने निशानेबाजी में तीसरा पदक जीता। हॉकी में भारतीय पुरुष टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। नीरज चोपड़ा ने पुरुषो के भाला फेंक में रजत पदक जीता। भारत के उभरते हुए पहलवान अमन सहरावत 57 किलोग्राम फ्री स्टाइल श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर ओलिम्पिक में पदक जीतने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। पेरिस ओलम्पिक में चीन 39 स्वर्ण पदक जीत कर पहले स्थान पर रहा। वहीं अमेरिका ने 38 स्वर्णों के साथ दूसरा पायदान हासिल किया। समापन समारोह भारतीय समयानुसार रात साढ़े 12 बजे शुरू होगा। इस दौरान ओलिम्पिक का ध्वज, 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले अगले ओलिम्पिक खेलों की आयोजन समिति को सौंपा जाएगा।

....